मॉड्यूल 2

# अभिरक्षा की शृंखला
# (Chain of Custody)



# विषय-वस्तु


FSC COC क्या होता है? ........ 2

FSC COC प्रमाणन की आवश्यकता किसे होती है ........ 3

FSC उत्पाद वर्गीकरण ........ 5

COC प्रबंधन के पहलू और लकडी की कानूनी वैधता ........ 6

सामग्री सोर्सिंग, हैंडलिंग व उत्पाद रिकॉर्ड ........ 7

FSC मूल श्रम आवश्यकताएँ ........ 10

बिक्री व FSC दावों का नियंत्रण ........ 11

आउटसोर्सिंग ........ 12

नियंत्रण प्रणालियाँ ........ 13

एकल, बहु-स्थलीय व सामूहिक प्रमाणन के लिए प्रमाणन मानदंड ........ 16

FSC COC प्रमाणन से संबंधित अन्य कार्यक्रम ........ 19

FSC सार्वजनिक डेटाबेस का उपयोग कैसे करें ........ 23

FSC COC प्रमाणन की तैयारी करना ........ 24

FSC FORESTS FOR ALL FOREVER

## FSC COC क्या होता है?

वन से आने वाले उत्पादों से लेकर, या फ़िर पुनः प्राप्ति की सामग्री के मामले में कहें तो उस सामग्री की पुनः प्राप्ति के क्षण से लेकर उत्पाद के FSC  दावे के साथ बेच दिए जाने तक के रास्ते को FSC  अभिरक्षा की श्रृंखला (COC) प्रमाणन कहा जाता है। यह “श्रृंखला” सोर्सिंग, प्रक्रिया करना, व्यापार व वितरण का वह प्रत्येक चरण होती है, जहाँ आपूर्ति श्रृंखला के अगले चरण में, उत्पाद के स्वामित्व में बदलाव हो जाता है।

किसी FSC -प्रमाणित उत्पाद आपूर्ति श्रृंखला में, स्वामित्व में बदलाव का मतलब यह होता है कि प्रत्येक संगठन को, किसी स्वतंत्र प्रमाणन संस्था द्वारा सत्यापित, एक प्रभावी COCप्रणाली स्थापित करनी होती है। इनके बगैर कोई भी संगठन FSC  दावे नहीं कर सकता।



FSC FORESTS FOR ALL FOREVER™

## FSC COC प्रमाणन की आवश्यकता किसे होती है?

किसी उत्पाद के पास एक वैध FSC प्रमाणन दावा होने के लिए, प्रमाणित वन या फ़िर पुनः प्राप्ति बिंदु से लेकर उसे बेचने वाले संगठन तक स्वतंत्र प्रमाणित संगठनों की एक अटूट श्रृंखला होनी चाहिए। आपूर्ति शृंखला में सम्मिलित सभी संगठन प्रमाणित होने चाहिए, यदि वे निम्न करना चाहतें है तो:

- **बिक्री दस्तावेज़ों में** FSC **दावों वाले** FSC -**प्रमाणित उत्पादों की बिक्री करना**
- **उत्पादों पर** FSC **प्रमाणित होने का लेबल लगवाना**
- FSC **दावों के साथ बेचे गए किसी उत्पाद का निर्माण या फ़िर उसकी संरचना में बदलाव, जैसे कि उत्पाद में वन-आधारित सामग्री को मिलाना या जोड़ना।**
- FSC **दावों के साथ बेचे गए किसी उत्पाद की अखंडता में बदलाव लाना, जैसे कि उत्पाद की फ़िर से पैकेजिंग या फ़िर लेबलिंग करवाना**
- FSC **प्रमाणित उत्पादों को बढ़ावा देना**

**प्रचार अनुज्ञप्ति धारक का मार्गदर्शन**

लेकिन परिष्कृत एवं FSC लेबल वाले उत्पादों का गैर-प्रमाण-पत्र धारकों (जैसे कि खुदरा बिक्रेते) द्वारा प्रचार अनुज्ञप्ति धारकों वाले FSC व्यापार चिन्ह उपयोग मार्गदर्शन के अनुकूल, प्रचार किया जा सकता है

**एफएससी - एसटीडी-40-004**

COC प्रमाणन क्या है व इसकी आवश्यकता किसे होती है, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए **FSC** -STD-40-004 **FSC COC** के “दायरे” अनुभाग में देखें

या फ़िर नीचे दिए बॉक्स को देखें:

बॉक्स 1: FSC  COC प्रमाणन किस पर लागू होता है?

किसी उत्पाद के पास एक मान्य FSC  प्रमाणन दावा होने के लिए FSC  मान्यता प्राप्त प्रमाणन संस्थाओं द्वारा स्वतंत्र रूप से प्रमाणित संगठनों की एक ऐसी अटूट श्रृंखला होनी चाहिए, जो उस उत्पाद के कानूनी स्वामित्व में आने वाले प्रत्येक बदलाव को कवर करती हो। यह श्रृंखला प्रमाणित वन अथवा पुनः प्राप्ति के बिंदु से लेकर अपने बिक्री दस्तावेज़ों में उसे किसी FSC दावे के साथ बेचने वाले संगठन और/या उस बिंदु तक होनी चाहिए, जहाँ उत्पाद को परिष्कृत कर उस पर FSC  लेबल लगाया जाता है। COC प्रमाणन वन-आधारित उत्पाद आपूर्ति श्रृंखला में उन सभी संगठनों के लिए आवश्यक होता है, जिनके पास प्रमाणित उत्पादों का कानूनी स्वामित्व होता है व जो नीचे दी गई गतिविधियों में से न्यूनतम एक में शामिल होते हैं:

a) बिक्री दस्तावेज़ों में FSC  दावों वाले FSC -प्रमाणित उत्पादों की बिक्री करना;

b) उत्पादों पर FSC  प्रमाणित वाले लेबल लगाना;

c) संरचना का निर्माण अथवा उसमें बदलाव करना (जैसे कि उत्पाद में वन-आधारित सामग्री को मिलाना या जोड़ना), या फ़िर उसकी भौतिक अखंडता में बदलाव करना (जैसे दोबारा पैकेजिंग करना, दोबारा लेबल लगाना), या फ़िर FSC  दावों वाले उत्पादों की बिक्री करना।

d) FSC -प्रमाणित उत्पादों को बढ़ावा देना, सिवाय उन परिष्कृत एवं FSC लेबल वाले उत्पादों के, जिनका गैर-प्रमाण-पत्र धारकों (जैसे कि खुदरा बिक्रेता) द्वारा प्रचार अनुज्ञप्ति धारकों वाली FSC  व्यापार चिन्ह मार्गदर्शन के अनुसार प्रचार किया जा सकता है।

नोट: FSC  दावों की उन मामलों में ज़रूरत होती है, जहाँ खरीदने वाली संस्थाएँ FSC  प्रमाणित उत्पादों का अन्य प्रमाणित उत्पादों के निर्माण में कच्चे माल के तौर पर उपयोग करना चाहती हैं, या फ़िर तब जब ये संस्थाएं उत्पादों को FSC  प्रमाणित उत्पादों के तौर पर आगे बेचना चाहती हैं।

COC प्रमाणन की उन संगठनों को आवश्यकता नहीं होती, जो प्रमाणित उत्पादों का स्वामित्व लिए बगैर अन्य प्रमाणित संगठनों को अपनी सेवाएँ देते हैं। जैसे कि:

a) प्रमाणित उत्पादों के व्यापार की व्यवस्था कराने वाले एजेंट एवं नीलामी संस्थाएँ

b) वे लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता जो प्रमाणित उत्पादों की संरचना अथवा भौतिक अखंडता में बदलाव किए बिना उनका परिवहन करते हैं और/या अस्थायी रूप से गोदामों में उनका भंडारण करते हैं

c) FSC -STD-40-004 मानक की धारा 13 के अनुसार किसी आउटसोर्सिंग समझौते के तहत काम करने वाले ठेकेदार

FSC
FORESTS FOR ALL FOREVER

## FSC उत्पाद वर्गीकरण

FSC  COC प्रमाणन तीन उत्पाद समूहों पर लागू होता है:

- **लकड़ी (W)**
- **कागज़ (P)**
- **गैर-लकडी वन उत्पाद  (N)**

नियंत्रण आवश्यकताओं के तहत, जब कोई कंपनी FSC  COC के लिए आवेदन करती है, तब उसे प्रमाणन में शामिल किए जाने वाले उत्पादों के दायरे का चयन करना होता है। दायरे को उत्पाद वर्गीकरण मानक में देखा जा सकता है।

किसी उत्पाद के सभी वन-आधारित घटकों को COC नियंत्रण आवश्यकताओं के अनुरूप होना चाहिए। वन-आधारित सामग्री से बनी पैकेजिंग को उसके अंदर मौजूद उत्पाद से अलग माना जाता है, जिसका मतलब यह हुआ कि या तो पैकेजिंग या फ़िर उसके अंदर मौजूद सामग्री, या फ़िर दोनों ही प्रमाणित किए जा सकते हैं।

**एफएस सी उत्पाद वर्गीकरण मानक**

उत्पाद वर्गीकरण पर अधिक जानकारी के लिए FSC **उत्पाद वर्गीकरण मानक** देखें।

FSC FORESTS FOR ALL FOREVER™

# COC प्रबंधन के पहलू और लकडी की कानूनी वैधता

## प्रबंधन

COC प्रमाणन प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक संगठन को अपने आकार और जटिलता के अनुकूल एक COC प्रबंधन प्रणाली लागू करनी होती है। इसमें प्रमाणन, उचित एवं आधुनिक प्रक्रियाओं, COC प्रबंधन प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों और पूरे रिकॉर्ड रखने पर ध्यान केंद्रित करने वाला प्रबंधन प्रतिनिधि भी शामिल होता है।

साथ काम करने की नीति

साथ ही, संगठन को FSC के मूल्यों (हमारी **साथ काम करने की नीति** को देखें) व प्रमुख श्रम आवश्यकताओं के प्रति प्रतिबद्ध होकर संचार, जाँच एवं समाधान प्रक्रियाओं समेत शिकायतों को सँभालने के लिए प्रक्रियाएँ लागू करनी चाहिए। साथ ही, यह सुनिश्चित करने के लिए भी प्रक्रियाएँ होनी चाहिए कि इन बातों का अनुपालन न करने वाले उत्पादों की पहचान कर उनका नियंत्रण किया जाएगा ताकि FSC दावों के साथ ऐसे किसी उत्पाद की बिक्री न हो। अंत में, अनुरोध मिलने पर संगठन को लेन-देन के सत्यापन का समर्थन करने के लिए FSC लेन-देन डेटा के नमूने पेश करने चाहिए।

FSC COC प्रमाणन वाले किसी संगठन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके FSC प्रमाणित उत्पाद लकडी वाली सभी उपयुक्त कानूनी वैधता, कानूनों के अनुरूप हैं। कम से कम यह सुनिश्चित करने वाली प्रक्रियाएँ तो होनी ही चाहिए कि आयात या निर्यात किए जाने वाले सभी FSC -प्रमाणित उत्पाद सभी व्यापार एवं प्रथागत कानूनों का अनुपालन करते हैं। संगठन को, लकडी वाले कानूनी वैधता नियमों के अनुपालन हेतु प्रजातियों, कटाई वाले देश व अन्य आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध करानी चाहिए।

COC प्रमाणन के प्रबंधन व लकडी की कानूनी वैधता वाले पहलुओं पर अधिक जानकारी के लिए कृपया COCप्रबंधन प्रणाली व FSC COC मानक के लकडी वाले वैधता कानूनों के अनुपालन को यहाँ **FSC -STD-40-004** में देखें।

# सामग्री सोर्सिंग, हैंडलिंग व उत्पाद रिकॉर्ड

## सामग्री सोर्सिंग

FSC COCप्रमाणन वाले संगठनों को FSC -प्रमाणित उत्पादों के लिए सामग्री आपूर्ति करने वाली सभी संस्थाओं की आधुनिक जानकारी रखनी चाहिए, जिसमें उनके नाम, प्रमाणन कोड व आपूर्ति की गई सामग्री शामिल होनी चाहिए। संगठनों को FSC प्रमाणन डेटाबेस के माध्यम से उनके सक्रिय FSC -प्रमाणित आपूर्तिदारों की वैधता को भी सत्यापित कर लेना चाहिए: info.fsc.org. यह रहा इसका एक उदाहरण:

### प्रमाण-पत्र

जानकारी प्रारुप : 202/06/23 - 3.03 UTC

| | |
|---|---|
| प्रमाणन कोड | XX-COC-###### |
| अनुज्ञप्तिकोड | FSC -C###### |
| नियंत्रित लकडी कोड | XX-CW-###### |

### प्रमुख पता

| | |
|---|---|
| नाम | PT.XXX |
| पता | xxx |
| | xxx |
| वेबस्थल | xxx |

### प्रमाण-पत्र डेटा

| | |
|---|---|
| स्थिति | मान्य |
| जारी करने की पहली तारीख | YYYY/MM/DD |
| जारी करने की अंतिम तारीख | YYYY/MM/DD |
| समाप्ति की तारीख | YYYY/MM/DD |
| मानक | FSC -STD-40-004 |

### समूह सदस्य/स्थल

समूह सदस्यों का कोई स्थल नहीं मिला

### उत्पाद

| उत्पाद प्रकार | व्यवसाय का नाम | प्रजातियाँ | प्रमुख गतिविधि | अतिरिक्त गतिविधि | प्रमुख तैयार उत्पाद वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| W5 ठोस लकड़ी (काटी, टुकड़े की गई, छीली)<br><br>W5.2 ठोस लकड़ी के बोर्ड | | एसर प्रजाती; बेट्युला प्रजाती; एन्टाड्रोफ्राग्मा सिलिन्ड्रिकम: फॅगस सिल्वाटिका एल: जुनिपेरस वर्जियाना; पायनस प्रजाती,; प्रुनस ॲवियम; क्वेर्कस प्रजाती; शोरिया प्रजाती; टेक्टोना ग्रॅन्डीस | प्रमुख प्रक्रिया करनेवाले | | FSC नियंत्रित लकडी<br><br>FSC 100% |
| W7 वनीयर W7.1 छिला हुआ वनीयर | | एसर प्रजाती; बेट्युला प्रजाती; एन्टाड्रोफ्राग्मा सिलिन्ड्रिकम: फॅगस सिल्वाटिका एल: जुनिपेरस वर्जियाना; पायनस प्रजाती,; प्रुनस ॲवियम; क्वेर्कस प्रजाती; शोरिया प्रजाती; टेक्टोना ग्रॅन्डीस | प्रमुख प्रक्रिया करनेवाले | | FSC नियंत्रित लकडी;<br><br>FSC 100% |

किसी संगठन को अपने उत्पादों के लिए सही FSC -प्रमाणित तैयार उत्पाद का निर्माण करने वाली कंपनियों की खोज करनी चाहिए। नीचे दिए टेबल में उस सामग्री की सूची है, जिसे विशिष्ट FSC -प्रमाणित उत्पादों में शामिल किया जा सकता:

COC प्रमाणन के प्रबंधन और लकडी की वैधता के पहलुओं पर अधिक जानकारी के लिए कृपया FSC COC मानक में COC प्रबंधन प्रणाली एवं लकडी वैधता कानून के अनुपालन वाले अनुभाग देखें।

| उत्पाद समूह के लिए निर्दिष्ट FSC तैयार उत्पाद दावा | उचित कच्चा माल |
|---|---|
| FSC 100% | FSC 100% |
| FSC मिश्रित X% / FSC मिश्रित क्रेडिट | FSC 100%, FSC मिश्र X%,<br>FSC मिश्र क्रेडिट, FSC पुन:प्राप्त X%, FSC पुन:प्राप्त क्रेडिट, नियंत्रित सामग्री, FSC नियंत्रित लकडी,<br>पूर्व-उपभोक्ता पुनः प्राप्त, उपभोक्ता के पश्चात् पुनः प्राप्त। |
| FSC पुन:प्राप्त X% / FSC पुन:प्राप्त क्रेडिट | FSC पुन:प्राप्त X% / FSC पुन:प्राप्त क्रेडिट, पूर्व-उपभोक्ता पुनः प्राप्त, उपभोक्ता के पश्चात् पुनः प्राप्त। |
| FSC नियंत्रित लकडी | FSC 100%, FSC मिश्र X%,<br>FSC मिश्र क्रेडिट नियंत्रित सामग्री, FSC नियंत्रित लकडी |

STD-40-004

सामग्री सोर्सिंग के विवरण पर अधिक जानकारी के लिए एफएससी सीओसी मानक के सामग्री सोर्सिंग अनुभाग को देखें।

FSC FORESTS FOR ALL FOREVER™

## सामग्री हैंडलिंग

कभी-कभी अनुचित कच्चे माल का आपूर्ति शृंखला में प्रवेश करने का जोखिम रहता है। ऐसे मामलों में संगठन को ऐसी सामग्री की पहचान करा कर उसे अलग रखना चाहिए – फ़िर भले ही वह ऐसा भौतिक रूप में करे या फ़िर अनुसूची के माध्यम से।

## उत्पाद रिकॉर्ड

प्रत्येक उत्पाद समूह अथवा कार्यादिश के लिए संगठन को सामग्री की मात्रा अथवा वज़न में आने वाले बदलाव के प्रमुख प्रक्रियागत चरणों की पहचान करनी होती है। अगर ऐसा करना काफ़ी जटिल हो तो यह प्रक्रिया के सभी चरणों के लिए भी किया जा सकता। इसका मतलब होता है; कच्चा माल, तैयार उत्पाद व FSC प्रतिशत समेत अद्यतनित सामग्री लेखा रिकॉर्ड रखना।

संगठन को वार्षिक मात्रा की संक्षिप्त रिपोर्टें भी तैयार करनी चाहिए, जो यह दर्शाती हों कि FSC दावों वाले बेचे गए उत्पादों की मात्रा कच्चे माल की मात्रा से मेल खाती है। साथ ही इन रिपोर्टों को उत्पाद समूह के अनुसार कोई भी मौजूदा सूची, उनसे जुड़े तैयार उत्पाद दावे, व परिवर्तन के कारक भी प्रदर्शित करने चाहिए।

FSC **- STD-40-004**

सामग्री हैंडलिंग व उत्पाद रिकॉर्ड के बारे में अधिक जानकारी के लिए FSC COC मानक के संबंधित अनुभाग को देखें।

FSC FORESTS FOR ALL FOREVER

## FSC मूल श्रम आवश्यकताएँ

FSC मूल श्रम आवश्यकताओं को लागू करते समय संगठन को इन आवश्यकताओं एवं राष्ट्रीय कानूनों पर भी विचार कर लेना चाहिए।

कुछ खास नियंत्रित परिस्थितियों के अलावा संगठन कभी भी बाल श्रमिकों – 15 वर्ष अथवा राष्ट्रीय या स्थानीय कानूनों के तहत न्यूनतम आयु से कम आयु वाले लोगों - का उपयोग नहीं कर सकता। संगठन को सभी प्रकार के जबरन एवं बाध्यकारी श्रम को समाप्त करना चाहिए – रोज़गार के संबंध स्वैच्छिक व आपसी सहमति पर आधारित होने चाहिए व इनमें किसी दंड का कोई खतरा नहीं होना चाहिए। साथ ही, सभी रोज़गार व व्यावसायिक प्रथाओं को भेदभाव से मुक्त होना चाहिए व साथ काम करने की स्वतंत्रता एवं सामूहिक सौदेबाज़ी के प्रभावी अधिकारों का सम्मान होना चाहिए।

यकीनन सभी संगठन अलग होते हैं। इसीलिए FSC ने एक आत्म-मूल्यांकन टूल विकसित किया है, जिसके माध्यम से अकेले संगठन यह बता सकते हैं कि अपनी-अपनी कार्यवाही में FSC की मूल श्रम आवश्यकताओं को वे कैसे लागू करते हैं। इसके पश्चात् प्रमाणन संस्था इस आत्म-मूल्यांकन का उपयोग, उनके लेखा परीक्षण को दिशा देकर, उसके अनुपालन को सत्यापित करने के लिए, करती है।

एफएससी-एसटीडी -40-004

FSC की मूल श्रम आवश्यकताओं व आत्म-मूल्यांकन टूल के बारे में अधिक जानकारी के लिए FSC COC मानक का अनुभाग 7 व अनुबंध D देखें।

**आत्म-मूल्यांकन टूल को सीधा डाउनलोड करने के लिए** डाउनलोड करें

FSC FORESTS FOR ALL FOREVER™

## बिक्री व FSC  दावों का नियंत्रण

FSC COC प्रमाणन प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले किसी भी संगठन को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि FSC दावों के साथ बेचे जाने वाले उत्पादों के लिए जारी किए गए बिक्री के सभी दस्तावेज़ों (फ़िर भले ही वे भौतिक हों या इलेक्ट्रॉनिक) में संगठन का नाम, संपर्क जानकारी, तारीख, FSC प्रमाण-पत्र कोड व प्रत्येक सामग्री के लिए FSC दावा हो। उदाहरण के लिए इसे देखिए:

INVOICE

XXX Timber Trading Ltd

TO

SHIP TO

| SALESPERSON | JOB | SHIPPING METHOD | SHIPPING TERMS | DELIVERY DATE | PAYMENT TERMS | DUE DATE |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Due on receipt | |

| QTY | DESCRIPTION | UNIT PRICE | LINE TOTAL |
|---|---|---|---|
| 10 cu. m | FSC American White Oak - FSC 100% XX-CoC-012345 | | |
| 20 cu. m | FSC Massaranduba - FSC 100% XX-CoC-012345 | | |
| 5 cu. m | FSC Teak - FSC 100% XX-CoC-012345 | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | SUBTOTAL | | |
| | SALES TAX | | |
| | TOTAL | | |

संगठन को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि बिक्री दस्तावेज़ पर FSC 100%, FSC मिश्र, या फ़िर FSC पुन:प्राप्त दावे के साथ बेचे जाने वाले उत्पादों पर किसी अन्य वानिकी प्रमाणन योजना का कोई लेबल नहीं है।

बिक्री व दावों के नियंत्रण के बारे में अधिक जानकारी के लिए **यहाँ क्लिक करें**

FSC FORESTS FOR ALL FOREVER™

## आउटसोर्सिंग

कोई संगठन अपने प्रमाण-पत्र के दायरे के तहत FSC COC-प्रमाणित अथवा गैर-FSC COC-प्रमाणित ठेकेदारों को अपनी गतिविधियाँ आउटसोर्स कर सकता है।

यदि कोई ठेकेदार प्रमाणित नहीं है तो इस बात की पुष्टि के लिए एक समझौता किया जाना चाहिए कि वह ठेकेदार सभी उपयुक्त प्रमाणन आवश्यकताओं का अनुपालन करेगा व FSC ट्रेडमार्कों का अनाधिकृत उपयोग नहीं करेगा।

FSC-STD-40-004

आउटसोर्सिंग प्रक्रियाएँ काफ़ी सख्त हैं। इसलिए FSC COC मानक के उपयुक्त अनुभाग को कृपया ध्यान से पढ़ लें।


## नियंत्रण प्रणाली

FSC की तीन अलग-अलग COC नियंत्रण प्रणालियाँ हैं: स्थानांतरण, प्रतिशत व क्रेडिट। संगठन को इस बात का निर्णय करना होता है कि अपने COC प्रमाणन में वह किस प्रणाली का उपयोग करेगा।


## स्थानांतरण प्रणाली

वितरकों एवं व्यापारियों जैसी FSC -प्रमाणित कंपनियाँ स्थानांतरण प्रणाली का उपयोग करती हैं। यह काफ़ी सीधी-साधी प्रणाली होती है, जिसके माध्यम से कंपनियाँ, किसी विशिष्ट FSC  दावे वाले FSC -प्रमाणित उत्पादों की खरीददारी कर, दावे समेत उस उत्पाद को अपने ग्राहकों को बेच सकती हैं।


## नियंत्रण प्रणाली: स्थानांतरण प्रणाली




स्थानांतरण का लक्ष्य सामग्री को अलग कर दावे को आगे भेज देना होता है।




मिश्रण (जो कि इस प्रणाली में काफ़ी प्रतिबंधित होता है), करने से उच्चतम गुणवत्ता का दावा निम्नतम स्तर पर आ जाता है।




मुख्यतः एफएससी 100% दावे के रक्षा करने के लिए उपयोग किया जाता है।

## प्रतिशत प्रणाली

लकडी की मिलों व बढ़ईयों जैसे कई निर्माता प्रतिशत प्रणाली का उपयोग करते हैं। कंपनियाँ रोलिंग एवरेज अथवा बैच विधि के माध्यम से योग्य सामग्री के कच्चे माल की निगरानी करती हैं। इस प्रणाली के तहत एक तैयार उत्पादपर FSC  लेबल लगाने के लिए उस उत्पाद में कम से कम 70% प्रमाणित कच्चा माल होना चाहिए।

**कच्चा माल**

FSC  100% के 6 एकक

**तैयार उत्पाद**



FSC  CW अथवा नियंत्रित सामग्री के 6 एकक

FSC  मिश्र 50% दावे के 6 एकक (तैयार उत्पाद पर लेबल लगाने के अयोग्य)

**कच्चा माल**

**तैयार उत्पाद**

पूर्व-उपभोक्ता के 3 एकक पुनः प्राप्त



FSC
मिश्र  70% के 3 एकक

FSC  मिश्र 85% के 6 एकक (तैयार उत्पाद पर लेबल लगाने के योग्य)

कई FSC  दावों व अप्रमाणित सामग्री के मिश्रण की अनुमति देता है (जैसे कि FSC  नियंत्रित लकडी अथवा नियंत्रित सामग्री)


अंतिम तैयार उत्पाद दावे को FSC -STD-40-004 की आवश्यकताओं पर आधारित सरल-सी गणनाओं के माध्यम से निर्धारित किया जाता है


मुख्यतः उन उद्योगों द्वारा उपयोग किया जाता है, जिनकी कच्चे माल की मात्राएँ अपेक्षाकृत स्थिर/पूर्वानुमेय होती हैं व जिन्हें अलग करना मुश्किल होता है।

FSC FORESTS FOR ALL FOREVER™

## क्रेडिट प्रणाली

अन्य निर्माता क्रेडिट प्रणाली का उपयोग करते हैं, जिसके FSC -प्रमाणित सामग्री अथवा उपभोक्ता के बाद पुनः प्राप्त की गई सामग्री इत्यादि जैसी योगदान देने वाले कच्चे माल को सोर्स करने पर वे एक क्रेडिट खाते में “क्रेडिट” जमा कर पाते हैं। कोई निर्माता उत्पाद समूहों के आधार पर योग्य कच्चे माल (दावे में योगदान देने वाले भी व योगदान न देने वाले भी) का मिश्रण कर अपने क्रेडिट खाते में उपलब्ध बचे क्रेडिट को हटाकर उत्पादों को लेबल लगाना और/या बेच सकता है।




कई FSC दावों व अप्रमाणित सामग्री का मिश्रण करने की अनुमति देता है (जैसे कि FSC नियंत्रित लकडी अथवा नियंत्रित सामग्री)

मास-बैलेंस सिद्धांत पर काम करता है। कच्चे माल में प्रदर्शित FSC 100% सामग्री की मात्रा को उसी अनुपात में तैयार उत्पाद में प्रदर्शित की जाती है।

मुख्यतः उन उद्योगों द्वारा उपयोग किया जाता है, जिनकी कच्चे माल की मात्राएँ अपेक्षाकृत स्थिर/पूर्वानुमेय होती हैं व जिन्हें अलग करना मुश्किल होता है।

## एकल, बहु-स्थलीय व सामूहिक प्रमाणन के लिए योग्यता मानदंड


### एकल COC प्रमाणन

कोई संगठन एकल COC प्रमाणन के तब योग्य होता है, जब उसके प्रमाण-पात्र के दायरे में निम्नलिखित मानदंडों का अनुपालन करने वाले एकल स्थल अथवा बहु-स्थल शामिल होते हैं:

A. एकल COC प्रमाण-पत्र के दायरे के तहत आने वाले एक स्थल प्रमाण-पत्र धारक के तौर पर काम करते है। बाहरी ग्राहकों को दिए जाने वाले प्रमाण-पत्र के दायरे के तहत आने वाली प्रमाणित एवं अप्रमाणित सामग्री अथवा उत्पाद को बिल करने का ज़िम्मा उसी का होता है। साथ ही, वह FSC व्यापार चिन्हों के उपयोग को भी नियंत्रित करता है।

B. किसी एकल COC प्रमाण-पत्र के दायरे में आने वाले सभी स्थल एक साझी स्वामित्व संरचना के तहत काम करते हैं, प्रमाण-पत्र धारक के सीधे नियंत्रण के तहत प्रबंधित होते हैं, एक-दूसरे के साथ एक विशेष व्यावसायिक संबंध में होते हैं, और एक ही देश में होते हैं।

## एकल, बहु-स्थलीय व सामूहिक प्रमाणन के लिए योग्यता मानदंड




## बहु स्थलीय COC प्रमाणन

कोई संगठन बहु-स्थलीय COC प्रमाण-पत्र के योग्य तब होता है, जब प्रमाण-पत्र के दायरे में निम्नलिखित मानदंडों का अनुपालन करने वाले दो या दो से अधिक स्थल अथवा कानूनी संस्थाएँ होती हैं:

A. भाग लेने वाले सभी स्थल व प्रमाण-पत्र धारक संगठन एक साझे स्वामित्व के माध्यम से जुड़े हुए होते हैं; अथवा

B. भाग लेने वाले सभी स्थलों का, संगठन के साथ कानूनी और/या संविधात्मक संबंध है, उनकी परिचालन प्रक्रियाएँ साझा की हुई हैं, और वे एक ऐसी केन्द्रीय प्रबंधन प्रणाली के अधीन होती हैं, जिसके पास वनीय उत्पादों की खरीददारी व बिक्री करने का अधिकार एवं ज़िम्मेदारियाँ हैं व जो एक ही ब्रैंड नेम के तहत काम करती हैं।

कुछ संगठन बहु-स्थलीय COC प्रमाणन के अयोग्य होते हैं, जिनमें वे संगठन भी शामिल हैं, जिनके पास प्रमाण-पत्र के दायरे में भाग लेने वाले स्थलों को जोड़ने अथवा उसके दायरे से उन्हें हटाने का अधिकार नहीं होता। संगठन व लाभकारी सदस्यों वाले गैर-लाभकारी संगठन भी इसमें शामिल होते हैं।

# एकल, बहु-स्थलीय व सामूहिक प्रमाणन के लिए योग्यता मानदंड

## सामूहिक COC प्रमाणन

FSC- STD-40-004

दो या दो से अधिक स्वतंत्र कानूनी संस्थाओं वाले सामूहिक COC प्रमाण-पत्र को स्थापित किया जा सकता है, बशर्ते भाग लेनवाले हर स्थल या तो कर्मचारियों की संख्या के अनुसार या फ़िर आय के अनुसार छोटे हो और वह उसी देश में स्थित हो, जिसमें प्रमाण-पत्र धारक संगठन स्थित है।

FSC- STD-40-003

एकल, बहु-स्थल अथवा सामूहिक प्रमाणन के बारे में अधिक जानकारी के लिए FSC COC मानक में  कृपया भाग IV: एकल, बहु-स्थलीय व सामूहिक प्रमाणन के लिए योग्यता मानदंड और **FSC -STD-40-003** नाम के पूरक मानक को देखें।

# FSC COC प्रमाणन से संबंधित अन्य कार्यक्रम

## नियंत्रित लकडी

FSC मिश्र लेबल FSC-प्रमाणित सामग्री को कुछ विशिष्ट नियंत्रित परिस्थितियों में अप्रमाणित सामग्री के साथ मिश्रित करने की अनुमति देता है। इन नियंत्रित परिस्थितियों में अप्रमाणित सामग्री को "नियंत्रित लकडी" के नाम से जाना जाता है।

मूल रूप से FSC नियंत्रित लकडी मानक के तहत प्रमाण-पत्र धारकों को नीचे दिए "खराब" स्रोतों से आने वाले लकड़ी के उत्पादों के उपयोग से निर्माण होने वाले जोखिम को कम अथवा संतुलित करना होता है:

- गैरकानूनी ढंग से काटे गए वन
- पारंपरिक एवं नागरिक अधिकारों के उल्लंघन में काटे गए वन
- वे वन, जहाँ उच्च संरक्षण मूल्य खतरे में हैं
- गैर-वनीय उपयोगों में परिवर्तित कर दिए गए प्राकृतिक वन
- आनुवंशिक तौर पर संशोधित पेड़ों वाले वन

**नियंत्रित लकडी के बारे में अधिक जानकारी के लिए** यहाँ क्लिक करें

**नियंत्रित लकडी कार्यान्वयन पैकेट को डाउनलोड करने के लिए** यहाँ क्लिक करें

## FSC प्रोजेक्ट प्रमाणन

FSC -प्रमाणित लकडी व लकडी से बनने वाले निर्माण उत्पाद व्यापक रूप से उपलब्ध होने लगे हैं, लेकिन निर्माण क्षेत्र की जटिलता – जिसमें कई सारे उपठेकेदार और स्थलपर व स्थल से विलग स्थान, निर्माण, का एक मिश्रण होता है –जिस के चलते संपूर्ण अभिरक्षा की शृंखला को बरक़रार रखना मुश्किल हो जाता है।

इस स्थिति से निपटने के लिए FSC ने प्रकल्प प्रमाणन के लिए एक COC मानक विकसित किया है, जिसका प्रयोग अब नयी अथवा नवीनीकृत इमारतों, सिविल इंजीनियरिंग प्रकल्पों और यहाँ तक कि प्रदर्शनियों और त्योहारों जैसे आयोजनों के लिए भी किया जा सकता है।

### प्रकल्प प्रमाणन के लिए दो विकल्प होते हैं:

- अनवरत प्रकल्प प्रमाणन: संगठन अनवरत रूप से FSC प्रकल्प प्रमाणन से विभिन्न प्रकल्प प्रबंधित व प्राप्त कर सकते हैं
- एकल प्रकल्प प्रमाणन: एकल प्रकल्प पर लागू होने वाला प्रकल्प प्रमाणन

दोनों में से किसी भी मामले में संपूर्ण FSC -प्रमाणित सामग्री को FSC -प्रमाणित कंपनियों से ही लेना चाहिए व जिनके दावे बिल में शामिल होने चाहिए।

## प्रकल्प प्रमाणन में तीन तरह के संभावित दावे शामिल होते हैं:

- संपूर्ण प्रमाणन: प्रकल्प में प्रयोग की जाने वाली संपूर्ण वन-आधारित सामग्री व उत्पाद FSC -प्रमाणित होते हैं
- विशिष्ट प्रकल्प घटकों पर किए जाने वाले FSC  दावे: FSC -प्रमाणित विशिष्ट घटकों पर दावे किए जा सकते हैं (जैसे कि, "सभी खिड़कियाँ FSC -प्रमाणित हैं")
- प्रतिशत दावे: FSC -प्रमाणित अंतिम प्रकल्प में प्रयोग की जाने वाली वन-आधारित सामग्री के एक प्रतिशत के लिए दावा किया जा सकता हैं। शेष वन-आधारित सामग्री को पूर्व-उपभोक्ता पुनः प्राप्त लकड़ी, नियंत्रित सामग्री और/या FSC  नियंत्रित लकडी होना चाहिए।

**FSC प्रकल्प प्रमाणन के बारे में अधिक जानकारी के लिए**

यहाँ क्लिक करें

## FSC पुन:प्राप्त

FSC पुन:प्राप्त लेबल विश्र्वभर के वनों को बचाने में, कागज़ व लकडी की पुन:प्राप्ति की अहमियत को समझता है। FSC पुन:प्राप्त लेबल उपभोक्ताओं को यह बताता है कि इस बात को वास्तव में सत्यापित किया गया है कि किसी उत्पाद में प्रयोग की गई सारी की सारी लकड़ी अथवा कागज़ पुन:प्राप्त किए गए हैं। केवल, 100% पुन:प्राप्त की गई सामग्री वाले उत्पादों पर ही FSC पुन:प्राप्त लेबल हो सकता है।

FSC पुन:प्राप्त लेबल वाले लकड़ी के उत्पादों के लिए किसी प्रमाणन संस्था द्वारा यह सत्यापित किया जाता है कि वे कम से कम 70% उपयोग के बाद पुनः प्राप्त सामग्री से बने हैं – अपने उपयोगी जीवन की समाप्ति के पश्चात किसी उत्पाद से पुनः प्राप्त की गई लकड़ी और/या लकड़ी का रेशा। FSC पुन:प्राप्त लेबल इस बात की जमानत नहीं देता की वह लकड़ी मूलतः किसी FSC -प्रमाणित वन से आई है, बल्कि वह तो उसकी पुन:प्राप्त स्थिति एवं प्रामाणिकता पर ध्यान केंद्रीत करता है।

**FSC पुन:प्राप्त लेबल के बारे में अधिक जानकारी के लिए** यहाँ क्लिक करें

## FSC सार्वजानिक डेटाबेस का उपयोग कैसे करें

FSC सार्वजानिक डेटाबेस में FSC -प्रमाणित उत्पादों के निर्माताओं एवं सभी FSC प्रमाण-पत्रों के रिकॉर्ड शामिल होते हैं। हालांकि यह काफ़ी उपयोगी तो होता है, लेकिन यह थोड़ा जटिल भी हो सकता है। नीचे दिए विडियो से आपको समझ में आ जाएगा कि विभिन्न श्रेणियों में FSC -प्रमाणित उत्पादों की खोज कैसे की जाती है:




प्ले करें

## FSC COC प्रमाणन की तैयारी करना

FSC  प्रमाणन प्राप्त करने से पहले किसी भी संगठन को कई चरणों से गुज़ारना पड़ता है। संगठन को:

1. सरकारों व FSC  के सभी विनियमों एवं अपेक्षाओं का अनुपालन करना होगा। इन्हें कंपनी की नीति को कुछ इस तरह से औपचारिक रूप दिया जाना चाहिए कि ये सभी प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को समझ भी आएँ व वे इनका पालन भी कर सकें। इन प्रतिबद्धताओं को FSC -PRO-20-001 के अनुबद्ध C में दिए FSC  स्व-घोषणा प्रारुप में रिपोर्ट किया जाना चाहिए।

**FSC-PRO-20-001 का अनुबद्ध C**

**FSC-STD-40-004**

2. सामग्री के स्रोत को ट्रेस करने वाली प्रणाली को सुनिश्चित करने वाली प्रबंधन प्रणाली, यानी कि एक अभिरक्षा शृंखला, को लागू करना होगा। यह कच्चे माल का प्रबंधन करने वाली एक दस्तावेज़ प्रणाली होती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि संपूर्ण सामग्री के स्रोत का पता लगाया जा सकता है। COC प्रणाली अनुभाग में जाकर FSC COC मानक **FSC -STD-40-004** के साथ-साथ इस मानक में निर्दिष्ट अन्य आवश्यकताओं को पढ़ लें।

**FSC-प्रमाणित आपूर्तिदार**

3. वनों से आने वाले, उचित व ज़िम्मेदार ढंग से प्रबंधित कच्चे माल का उपयोग करना होगा – यानी कि FSC -प्रमाणित माल का। FSC -प्रमाणित कच्चे माल के बारे में जानकारी **यहाँ** पाई जा सकती है।

4. संगठन की जाँच कर उसका मूल्यांकन कर FSC  प्रमाण-पत्र जारी करने वाली किसी मान्यता-प्राप्त प्रमाणन संस्था से संपर्क करना होगा। संगठन को स्थानीय प्रमाणन संस्थाओं के बारे में जानकारी के लिए अपने स्थानीय FSC  प्रतिनिधि से संपर्क कर लेना चाहिए।

प्रमाणन संस्था, संगठन को आवश्यक तकनीकी आवश्यकताओं के बारे में बता देगी। इनमें शामिल हैं:

- कंपनी प्रोफाइल,कानूनी व अनुज्ञप्ति दस्तावेज़
- व्यावसायिक दायरे का विवरण
- व्यावसायिक प्रक्रिया का विवरण
- FSC प्रमाणन को सँभालने वाले प्रबंधन प्रतिनिधि का नाम
- FSC सिद्धांतों एवं मूल्यों और सभी उपयुक्त कानूनों एवं विनियमों का पालन करने की इच्छा की स्व-घोषणा
- नियम दस्तावेज़ – यानी कि संगठन के COCआवेदन से संबंधित सभी दस्तावेज़
- प्रक्रिया दस्तावेज़ – यानी कि यह समझाने वाले दस्तावेज़ कि संगठन की प्रक्रियाएँ आख़िर काम कैसे करती हैं
- डेटा संग्रहण – संगठन की उस भौतिक जगह का विवरण, जहाँ सारे दस्तावेज़ संग्रहित किए जाएँगे
- FSC -प्रमाणित आपूर्तिदार सूची

**कोई सवाल या दुविधा है? हमसे बात करें!**

blogapac.fsc.org
FSC_APAC
FSC Asia Pacific
FSCAsiaPacific

FSC
www.fsc.org
FSC™ F000100

The mark of
responsible forestry